तापमान

अधिकतम 37.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 18 मार्च 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



12 अजजा सेवक संघ ने नौ सूत्रीय मांगों को लेकर...





12 उल्लास महापरीक्षा की बैठक में दिलाई...




## खबर संक्षेप

### घायल जंगली भालू मुड़खुसरा में मिला

चारामा। चारामा वन परिक्षेत्र चारामा के अंतर्गत ग्राम मुड़खुसरा में सोमवार 17 मार्च की सुबह एक जंगली भालू घायल अवस्था में खेत पर मिला है। जानवर के सामने के दोनों पैर में चोट लगी हुई है, जिसके चलते भालू के किसी सड़क हादसे का शिकार होने की आशंका जताई जा रही है। गांव वालों की सुबह नजर खेत में पड़े घायल भालू पर पड़ी, जिसके बाद भयभीत ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मचारियों को घटना की जानकारी दिया। ग्रामीणों की जानकारी देने के बाद वन विभाग की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर चलने फिरने में असमर्थ भालू का पशु चिकित्सकों से प्राथमिक उपचार कराकर जंगल सफारी रायपुर के लिए रेफर कर दिया है।

### घायल युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** सीएचसी पखांजुर में ईलाज के दौरान सड़क दुर्घटना में घायल मानपुर सीतीगांव निवासी 20 वर्षीय दानचु तुलावी का मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पातली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। ईलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जहां उसका 16 मार्च को मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बुजुर्ग की मौत, कारण अज्ञात, मर्ग कायम

**कांकेर।** अज्ञात कारणो के चलते 65 वर्षीय द्वारका भंसोड़ का 16 मार्च को मौत हो गया। सुभाष वार्ड कांकेर निवासी विकास अंभोरे ने पुलिस को बताया कि मृतक की मौत अज्ञात कारणो से हुई है।

## चुनाव : चारामा, भानुप्रतापपुर और दुर्गूकोंदल में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बनाने भाजपा के पक्ष में माहौल

# जिले के तीन जनपदों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव आज, भाजपा की सेंधमरी कांग्रेस का संकट


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के तीन जनपद पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर और दुर्गूकोंदल में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष बनाने को लेकर आज 18 मार्च को चुनाव होगा। तीनों जनपद पंचायत में कांग्रेस के ज्यादा जनपद सदस्य जीतकर आएं है। तीनों जनपद पंचायत में कांग्रेस का काबिज होना तय है, परंतु कहीं पर भाजपा ने सेंध मार दिया तो भाजपा को लाभ हो सकता है। जनपद सदस्य के लिए भाजपा व कांग्रेस किसी को अधिकृत नहीं करती है, जो जिस पार्टी से जुड़ा होता है, उसे ही उस पार्टी का मान लिया जाता है।

जानकारी के अनुसार जिले के सातों जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव 4 मार्च को होना था, परंतु इन पांच जनपद पंचायत चारामा, भानुप्रतापपुर, दुर्गुकोंदल, अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा में चुनाव नहीं हो पाया, इसके उपरांत चुनाव की तिथि बढ़ाकर 10 मार्च की गई और इस दिन अंतागढ़ और कोयलीबेड़ा में चुनाव हो पाया, फिर से चारामा, भानुप्रतापपुर और दुर्गूकोंदल में तिथि बढ़ाकर 18 मार्च किया गया। सुबह से फिर से हो हल्ला मचा कि तिथि बढ़ाई जा सकती है, वहीं कांग्रेसियों ने भी अल्टीमेटम देने की रणनीति तैयार किया। कांग्रेसियों को जब पक्का हो गया कि तारीख अब बढ़ने वाली नहीं है, तो कांग्रेसी भी रूक गए। यह तय है कि अब 18 जुलाई को चारामा, भानुप्रतापपुर और दुर्गूकोंदल में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की तस्वीर दोपहर 4 बजे के आसपास स्पष्ट हो जाएगी। तीनों जनपद पंचायत में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर विगत एक सप्ताह से माहौल गरमाया हुआ है। यह माहौल दोपहर बाद ही ठंडा हो पाएगा। भाजपा नेताओं ने जो रणनीति बनाई है, वो कितनी कामयाब हो पाती है, यह आज दोपहर बाद स्पष्ट हो जाएगा।

**खास बातें**

- कांग्रेस के कई जनपद सदस्य भाजपाइयों के संपर्क में, कांग्रेसियों की उड़ी नींद
- भानुप्रतापपुर में दो जनपद सदस्यों की शिकायत होने से खतरे की आशंका बढ़ी
- कांग्रेसी अपने सदस्यों को संभाल ले तभी होगी जीत




### भाजपा और कांग्रेस दोनों के दावे

चारामा जनपद इस बार महिला के आरक्षित किया गया है और 17 जनपद सदस्य जीतकर आएं है। कांग्रेसी दावा कर रहे है कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष कांग्रेस का ही बनना तय है। कांग्रेसियों का दावा है कि 10 जनपद सदस्य मेरे साथ है और भाजपा का दावा है कि हमारे पास 09 जनपद सदस्य है। कांग्रेसी और भाजपा अपना अपना दावा कर रहे है। दावा किसका सच निकलता है, इसकी तस्वीर आज दोपहर बाद स्पष्ट हो जाएगी। जनपद पंचायत चारामा के क्षेत्र क्रमांक 01 से अमिता बंजारे, क्षेत्र क्रमांक 02 से तनु हिरवेंद्र साहू, क्षेत्र क्रमांक 03 से संतोषी सिन्हा, क्षेत्र क्रमांक 04 से रेणुका परमेश सिन्हा, क्षेत्र क्रमांक 05 से देवबती मरकाम, क्षेत्र क्रमांक 06 से रमशीला मंडावी, क्षेत्र क्रमांक 07 से अब्दुल नीलू सत्तार, क्षेत्र क्रमांक 08 से बिसमत नरेटी, क्षेत्र क्रमांक 09 से ठाकुर राम कश्यप, क्षेत्र क्रमांक 10 से लोखनी सत्कार पटेल, क्षेत्र क्रमांक 11 से गरिमा डूमेश्वर रावटे, क्षेत्र क्रमांक 12 से परसादी राम नरेटी, क्षेत्र क्रमांक 13 से अनमोल मंडावी, क्षेत्र क्रमांक 14 से बिराज बाई गावड़े, क्षेत्र क्रमांक 15 से जागेश्वरी भास्कर, क्षेत्र क्रमांक 16 से समीर कुरैशी, क्षेत्र क्रमांक 17 से चिंताराम साहू जीतकर आएं है।

### कांग्रेस सदस्यों पर मंडराया संकट के बादल

भानुप्रतापपुर जनपद पंचायत में 14 जनपद सदस्य जीतकर आएं है जिसमें भाजपाई और कांग्रेसी दावा कर रहे है कि हमारे पास 9-9 सदस्य है। चर्चाओं का दौर जारी है। मतदान आज होना है और दोपहर तक स्थिति भी स्पष्ट हो जाएगी। कोरर मंडल ने खुलासा करते हुए पुलिस और प्रशासन से शिकायत किया है कि सरोज मरकाम पाँच साल तक सरपंच रहते हुए मितानिन ट्रेनर के रूप में काम किया है, यह कैसे संभव हो सकता है। दो जगह से बिना जानकारी दिए मानदेय लिया है, जाँच करके कार्यवाही किया जाएं, उसी तरह से निर्मला कावड़े के बारे में भी शिकायत हुई है, यह भी मितानिन ट्रेनर है। यह मतदान कर पाती है या इनके मतदान पर रोक लग जाएगी, इसकी स्थिति आज चुनाव के समय ही स्पष्ट हो पाएगी। ऐसे में कांग्रेस पर संकट मंडरा रहा है, इस पर अभी तक कोई स्पष्ट निर्देश नहीं होने के कारण क्या निर्णय लिया जा सकता है, कुछ भी नहीं कहा जा सकता है। भानुप्रतापपुर के जनपद सदस्यों में प्रेमबती उसेंडी, खेमिन कोरेटी, तेजबती शोरी, राजकुमार दर्रो, निर्मला कावड़े, सुनाराम तेता, विष्णुराम कचलाम, लोकेश्वरी निषाद, गिरजा देवी, दिलेश्वरी दर्रो, वरूण खापर्डे, भुनेश्वर नरेटी, टुपेश्वरी उइके और सरोज मरकाम जीतकर आई है।

### दुर्गूकोंदल पर कांग्रेस का अध्यक्ष बनना तय

जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल के बारे में यह चर्चा है कि भाजपा के पास 11 सदस्यों में से केवल 3 सदस्य ही जीतकर आएं है। भाजपा को अध्यक्ष बनाने के लिए 3 सदस्यों की जरूरत पड़ेगी। भाजपा 3 सदस्यों को अपने पक्ष में कर लेती है, तभी भाजपा का अध्यक्ष बन सकता है। भाजपा यहाँ पर किस तरह की रणनीति बनाया है, वो अभी तक स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस अपने सदस्यों को दूसरों के संपर्क में नहीं आने को लेकर प्रारंभ से रणनीति बनाकर रखे हुए थे। रणनीति किसकी कामयाब रही, यह आज दोपहर बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। दुर्गूकोंदल के जनपद सदस्यों में सुलोचना कोरेटी, आनंद कुमार तेता, विकास राजू नायक, पीलम नरेटी, सविता उयके, निर्मला कोवाची, धनसाय हुर्रा, गोपी बढ़ाई, अमृता कोटिंगला, सुशीला गावड़े और हेमलता उइके जीतकर आई है।

## स्कूटी की टक्कर से रहगीर की हुई मौत




**कांकेर।** बांदे से पखांजुर जाने वाले मार्ग में पैदल चल रहें राहगीर को स्कूटी सवार ने टक्कर मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर चोट आने की वहज से उसकी मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना में पाया गया कि 28 फरवरी की शाम को मृतक रूपचंद पाल अपने घर से पैदल दूध छोड़ने बांदे गया था। दूध छोड़कर वापिस अपने घर जा रहा था, तभी बांदे से पखांजुर जाने वाली मेन रोड़ रात करीबन साढ़े 8 बजें बांदे की ओर से आ रहे स्कूटी चालक पीव्ही 80 हरिदासपुर निवासी शुभम डे पैदल जा रहे मृतक को ठोकर मारा, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## अंग्रेजी शराब का अवैध परिवहन गिरफ्तार कोचिया जेल दाखिल



**भानुप्रतापपुर।** अंग्रेजी शराब की तस्करी करने वाले आरोपी को भानुप्रतापपुर पुलिस ने शराब के साथ दबोचा और शराब कोचिया की मोटर सायकल को भी जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। जानकारी के अनुसार 16 मार्च को भानुप्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि कांकेर से भानुप्रतापपुर मार्ग पर कोचिया शराब की अवैध ढंग से परिवहन करते हुए भानुप्रतापपुर से कांकेर की ओर जा रहा है। यह जानकारी मिलते ही भानुप्रतापपुर पुलिस ने दी गई जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत उच्च अधिकारियों के संज्ञान में लाया और थाना प्रभारी रामेश्वर देशमुख ने टीम बनाकर कार्यवाही करने के लिए भेजा। कार्यवाही करने गई टीम ने कांकेर मार्ग पर पोल्ट्री फार्म के पास संदिग्ध मोटर सायकल को रोककर पूछताछ किया। पूछताछ करने पर मोटर सायकल चालक ने अपना नाम जीवन सोरी पिता शालिकराम सोरी उम्र 31 वर्ष निवासी हार्टकर्रा थाना कोरर जिला कांकेर होना बताया। मोटर सायकल की तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से मोटर सायकल में रखी अवैध रूप से अंग्रेजी शराब 29 नग अंग्रेजी सिंबा ▶▶| शेष पेज 10 पर

## पेट्रोल पंप परिसर में पेशाब करने से मना करने पर संचालक की पिटाई, दबंग फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- घटना सीसी कैमरे में कैद, आरोपियों की तलाश



भानुप्रतापपुर थानांतर्गत ग्राम धनगुडरा में स्थित पेट्रोल पंप के संचालक के साथ रात को कुछ युवको ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया। मारपीट की घटना पेट्रोल पंप में लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया है। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे संबलपुर निवासी 32 वर्षीय शौर्य चोपड़ा पिता प्रदीप चोपड़ा ने पुलिस को बताया कि संबलपुर से दमकसा की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग ग्राम धनगुडरा स्थित मेरे नाम से पेट्रोल पंप है, जिसका देखरेख व संचालन मेरे द्वारा किया जाता है। मैं पेट्रोल पंप से घर जाने के लिए 14 मार्च की रात लगभग सवा 8 बजें निकल रहा था, उसी समय पेट्रोल भरवाने करमोती निवासी मदन निषाद, हीरू निषाद व उसके अन्य साथी पेट्रोल पेट्रोल पंप में आए, उनमे से मदन निषाद मेरे पेट्रोल पंप के कैंपस में पेशाब करने लगा। मेरे द्वारा मना करने पर गाली देने लगा। मै अपने पिता प्रदीप चोपड़ा को फोन करके बुलाया। मेरे पिता के आने पर वे लोग समझाने पर भी नही माने और मदन निषाद द्वारा फोन करके अपने अन्य साथियों को बुलाया, तभी हीरू निषाद गाली देते हुए मेरे साथ मारपीट करने लगा और कहने लगा कि तेरे पेट्रोल पंप में आग लगा देंगे, बंद करा देंगे, तुझे जान से मार देंगे, हमारा क्या कर लोगे। आरोपियों द्वारा मारपीट ▶▶| शेष पेज 10 पर

## सिंगारवाही-सियारीनाले पर बनी पुलिया में घपला उजागर, ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



विकासखंड नरहरपुर के सिंगारवाही से सियारीनाला मार्ग पर स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत कार्य में अनियमितता बरती जा रही है। ऐसा आरोप स्थानीय लोगों ने लगाया है। उनका कहना है कि जिम्मेदार विभाग के उच्च अधिकारियों की जाँच करके कार्यवाही किया जाना चाहिए।

जानकारी के अनुसार सिंगारवाही से सियारीनाला मार्ग पर स्थित क्षतिग्रस्त पुल लंबे समय से खराब हालात में था, जिससे लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी हो रही थी। लोक निर्माण विभाग द्वारा हाल ही में पुल की मरम्मत कराई गई, लेकिन मरम्मत के कुछ ही दिनों बाद पुलिया में दरारें और टूट-फूट दिखाई देने लगीं। इससे साफ जाहिर होता है कि मरम्मत कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है और काम को ठीक से नहीं किया गया। मरम्मत किए गए पुलिया की खराब स्थिति को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों में भारी रोष है। लोगों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग ने मरम्मत कार्य के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति किया है और भ्रष्टाचार की वजह से पुल की गुणवत्ता बेहद खराब है। ग्रामीणों ने इस मामले की जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग किया है। मरम्मत कार्य की खामियों के चलते इस पुल पर वाहनों और राहगीरों के लिए खतरा बना हुआ है। अगर जल्द ▶▶| शेष पेज 10 पर

## छात्र नहीं शिक्षकों के बदले गए परीक्षा केंद्र

# बारह साल बाद 5वीं की बोर्ड परीक्षा हुई, छात्र-छात्राओं में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में 12 साल बाद पांचवी और आठवीं बोर्ड परीक्षा की वापसी हुई

- थानों में रखे गए हैं प्रश्नपत्र, संकुल प्राचार्यों के जरिए परीक्षा केंद्र भेजे गए



है और 17 मार्च को पांचवी के छात्रों ने गणित की परीक्षा दिया। पहला ही प्रश्नपत्र गणित का होने से छात्रों के चेहरों पर चिंताएं दिखी, परंतु यह बात अच्छी रही कि छात्रों ने उसी स्कूल में परीक्षा दिया, जहाँ पढ़ाई कर रहे थे। परीक्षा लेने वालों को बदला गया। 12 साल पहले छात्रों को दूसरे स्कूल में परीक्षा देने जाना पड़ता था। जानकारी के अनुसार मौजूदा शैक्षणिक सत्र के पूर्व अंतिम बार सत्र 2011-12 में 5 वीं और 8 वीं की बोर्ड परीक्षाएं हुई, उसके बाद से बंद कर दी गई। नई सरकार ने सत्र के मध्य में यह निर्णय लिया, जिसके खिलाफ में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय ने आदेश दिया कि इस परीक्षा में जो विद्यालय शामिल होना चाहते है, उनकी परीक्षा लिया जाएं, किसी विद्यालय पर सख्ती न बरती जाएं। न्यायालय से निर्णय आने के बाद भी अधिकतम प्राइवेट विद्यालय बोर्ड की परीक्षा में शामिल होने की सहमति जताई। कांकेर जिले में पांचवी में 10 हजार 901 छात्र परीक्षा के लिए पंजीयन करवाया था और पांचवी के लिए जिले में 1693 परीक्षा केंद्र बनाए गए। इसी प्रकार से आठवीं के लिए जिले में 649 परीक्षा केंद्र बनाए गए और 11 हजार 96 छात्र पंजीकृत है।

### केंद्राध्यक्ष बदले गए, छात्र अपने स्कूलों में देंगे परीक्षा

दूसरे विद्यालय जाया करते थे अर्थात छात्रों को परीक्षा केंद्र अपने विद्यालय में ना देकर दूसरे विद्यालय में दिया जाता था। इस बार ऐसा नहीं है। छात्र अपने विद्यालय में ही परीक्षा दिलाएंगे, लेकिन केंद्राध्यक्ष बदले जाएंगे। केंद्राध्यक्ष निकटतम किसी विद्यालय के प्रधान पाठक, प्रभारी प्रधान पाठक अथवा वरिष्ठ शिक्षक को नियुक्त किया गया है। दोनों ही कक्षा कक्षा की की परीक्षाओं की शुरुआत गणित विषय से हो रही है।




## खबर संक्षेप



### बीईओ ने किया केंद्रीकृत बोर्ड परीक्षा का औचक निरीक्षण

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के साथ कोंडागांव जिले में भी केंद्रीकृत परीक्षा के अंतर्गत पांचवीं बोर्ड परीक्षा 17 मार्च से प्रारंभ हो गयी। प्रथम दिवस गणित का पर्चा बच्चों द्वारा हल किया गया। काफी लंबे अरसे बाद हो रही बोर्ड परीक्षा को लेकर बच्चों में उत्सुकता व कौतुहल की स्थिति बनी रही। प्रथम दिवस विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज दुबे, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी इरशाद अंसारी, बीआरपी अशोक साहू मण्डल सयोंजक रोशन सहारे एवं अन्य अधिकारियों द्वारा परीक्षा केंद्र प्राथमिक शाला जोन्दरापदर, बुनागांव का औचक निरीक्षण किया । इस दौरान प्रधान पाठक मधु तिवारी, केंद्राध्यक्ष चुम्मन ठाकुर उपस्थित रहे। साथ ही शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा संचालित करने हेतु निर्देश दिए।

### एबीपीएसएसपी ने मनाई जनरल बिपिन रावत की जयंती



**कोण्डागांव।** दिनांक 16 मार्च 2025 को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के द्वारा जनरल बिपिन रावत जी की जयंती मनाया गया। सर्वप्रथम जनरल बिपिन रावत के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित किया गया और दीप प्रज्वित कर श्रद्धांजलि दिया गया स इसके बाद जनरल बिपिन रावत अमर रहें और भारत माता की जय के नारे लगाए गए। बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने बताया कि भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, जनरल बिपिन रावत जी की जयंती पर कोटि–कोटि नमन करते हैं। उनका अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। जिलाध्यक्ष सुरज यादव ने बताया कि जनरल बिपिन रावत का जीवन भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। देश की रक्षा और सैन्य सशक्तिकरण में उनके अभूतपूर्व योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनकी रणनीतिक दृष्टि और नेतृत्व ने भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उनके आदर्श और विचार हमें सदैव देश सेवा के पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा देते रहेंगे।

# बोर्ड परीक्षा की सतत् निगरानी कर रहा है उड़नदस्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राज्य भर में आज से केंद्रीकृत कक्षा पांचवीं और आठवीं की वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षाओं के सफल एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के लिए जिले के सभी विकासखंडों में उड़नदस्ता टीमों का गठन किया गया है। ये टीमें विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा कर परीक्षा प्रक्रिया की निगरानी कर रही हैं, ताकि परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सकें।

इसी क्रम में, कोंडागांव विकासखंड के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते हुए निगरानी दल संकुल बुनागाँव स्थित जनपद प्राथमिक शाला बुनागाँव पहुँचा। निरीक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार दुबे एवं सहायक खंड शिक्षा अधिकारी इरशाद अंसारी ने परीक्षा केंद्र की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने शिक्षकों द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से हो रहा है। निरीक्षण दल ने केंद्राध्यक्ष एवं उपस्थित शिक्षकों से परीक्षा की स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए। परीक्षा की शुचिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए आवश्यक सावधानियाँ बरतने की हिदायत भी दी गई। इसके अलावा, परीक्षा के उपरांत बच्चों से संवाद कर उनकी परीक्षा संबंधी अनुभवों को जाना गया और उन्हें आगे की परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। इस अवसर पर मंडल संयोजक रोशन बाबू सहारे, बीआरपी अशोक साहू, संकुल समन्वयक धरम देवांगन, केंद्राध्यक्ष प्रदीप नाग, प्रधान अध्यापक सूरज नेताम एवं प्रतिभा जुर्री सहित अन्य शिक्षण स्टाफ उपस्थित रहे।

## परीक्षाओं के सफल एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करना है उद्देश्य



### प्रशासन द्वारा उड़नदस्ता टीमों के गठन से परीक्षा प्रक्रिया पर सतत निगरानी

सभी ने परीक्षा की व्यवस्था को सराहा और भविष्य में भी इस तरह की निष्पक्ष एवं पारदर्शी परीक्षा प्रणाली बनाए रखने की प्रतिबद्धता जताई। जिले में परीक्षा का संचालन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से किया जा रहा है। जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सभी परीक्षार्थी बिना किसी बाधा के अपनी परीक्षा दे सकें। प्रशासन द्वारा उड़नदस्ता टीमों के गठन से परीक्षा प्रक्रिया पर सतत निगरानी बनी हुई है। जिससे परीक्षा में पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनी रहे।

छत्तीसगढ़ में नक्सल उन्मूलन नीति का हो रहा है असर

# नक्सलवाद से तंग आकर एक लाख का इनामी नक्सली राजमन ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ में नक्सल उन्मूलन नीति के तहत एक बड़ी सफलता मिली है। जिला कोण्डागांव में 1 लाख के इनामी नक्सली राजमन होड़ी ने आत्मसमर्पण कर दिया। वह पिछले कई वर्षों से बस्तर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा और कोण्डागांव के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय था।

### नक्सली संगठन से 11 वर्षों का नाता

राजमन होड़ी साल 2014 में बेड़मा पंचायत मिलिशिया सदस्य के रूप में नक्सल संगठन से जुड़ा और 2018 तक इसी पद पर कार्यरत रहा। इसके बाद उसे बारसूर एलओएस में पार्टी सदस्य बनाया गया, जहां वह लगातार नक्सली गतिविधियों में शामिल था। राजमन होड़ी ने नक्सल संगठन की विचारधारा से तंग आकर एवं सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण का निर्णय लिया। कोण्डागांव के पुलिस अधीक्षक वॉय अक्षय कुमार भा.पु.से. के समक्ष उसने आत्मसमर्पण किया। छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल उन्मूलन नीति के तहत उसे 25,000 रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई। इसके अतिरिक्त, पुनर्वास नीति के अंतर्गत अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए वरिष्ठ कार्यालय को पत्र लिखा गया है।



### गंभीर आपराधिक गतिविधियों में रहा शामिल

राजमन होड़ी पर विभिन्न थानों में हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, डकैती, आर्म्स एक्ट व यूएपीए जैसे गंभीर अपराधों के तहत मामले दर्ज थे। इनमें प्रमुख रूप से थाना मर्दापाल 2012 धारा 307, 25–27 आर्म्स एक्ट, यूएपीए। थाना मर्दापाल 2014 धारा 302, 307, 25–27 आर्म्स एक्ट, यूएपीए। थाना मर्दापाल 2021 धारा 452, 395, 364, 506बी ताहि, आर्म्स एक्ट, यूएपीए। थाना पुंगारपाल 2023 धारा 302, 363, 120(बी), आर्म्स एक्ट, यूएपीए।

### नक्सल विरोधी अभियान से माओवादियों में भय का माहौल

सुरक्षा बलों की लगातार कार्रवाई से नक्सली संगठनों में भय का माहौल बना हुआ है। पुलिस एवं सुरक्षा बलों द्वारा नक्सल प्रभावित इलाकों में सिविक एक्शन प्रोग्राम चलाकर आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति की जानकारी दी जा रही है, जिससे कई नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

### पुलिस प्रशासन की सराहनीय भूमिका

राजमन होड़ी को आत्मसमर्पण के लिए प्रेरित करने में निरीक्षक भोगराम ध्रुव थाना प्रभारी पुंगारपाल, गुप्तचर सैनिक जैतराम कश्यप एवं संतु कश्यप की विशेष भूमिका रही। इस सफल अभियान के लिए बस्तर रेंज के आईजी सुंदरराज पी. भा.पु.से. और डीआईजी विनोद तुकाराम काम्बले के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वॉय अक्षय कुमार और उनकी टीम लगातार प्रयासरत रही। इस आत्मसमर्पण से सरकार की नक्सल विरोधी नीति को और बल मिला है। जिससे आने वाले समय में और अधिक नक्सली मुख्यधारा में लौट सकते हैं।

# रंगोत्सव कार्यक्रम में दिया गया जल संरक्षण का संदेश

## हर्बल रंग गुलाल से बच्चों ने खेली होली




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिला अंतर्गत संचालित प्राथमिक शाला जोन्दरा पदर में होली पर्व के पावन अवसर पर शनिवार बैग लेस डे को रंग उत्सव का आयोजन किया। जहां बच्चों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर इस त्यौहार का आनंद लिया।

■ बच्चों ने जल संरक्षण के महत्व के बारे में जाना

बच्चों ने होली से सम्बंधित लोक गीत, नृत्य व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने होली के पौराणिक महत्व, भारत की सांस्कृतिक परम्परा, में त्योहार की भमिका, जनजातिय भाषा व संस्कृति, इतिहास व बुराई पर अच्छाई की जीत की कहानी के बारे में बताया। साथ ही बच्चों को ग्रीष्म ऋतु में बढ़ रहे जल संकट से बचने प्राकृतिक जल स्त्रोतों, तालाब, नदियों आदी के संरक्षण के महत्व के बारे में भी समझाया गया। बच्चों को आगामी बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिए शुभकामनाएं भी दी।

# 188वीं वाहिनी सीआरपीएफ ने मनाया 20वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

दिनांक 16.03.25 को 188वीं वाहिनी ने अपना 20वां स्थापना दिवस बडे ही धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय चिखलपुट्टी, कोंडागॉव में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम वाहिनी मुख्यालय के क्वार्टर गार्ड पर नया ध्वज फहराया गया एवं कमाण्डेंट भवेश चौधरी द्वारा सेरिमोनियल गार्ड की सलामी ली गई। इसके उपरांत वाहिनी के कमांडेंट द्वारा सैनिक सम्मेलन को सम्बोधित किया गया जिसमें सर्वप्रथम कमाण्डेंट भवेश चौधरी ने जवानों को सम्बोधित करते हुए वाहिनी के इतिहास के बारे में बताया तथा इस नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सफलतापूर्वक इतना लंबा समय तय करने पर बधाई दी। वर्तमान में भी यह वाहिनी बस्तर तथा सुकमा जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनात है तथा लगातार नई उपलब्धियाँ हासिल कर रही है।




### उपस्थिति रहे ये

इस अवसर पर बटालियन के अधिकारी नीतीन्द्र नाथ, द्वितीय कमान अधिकारी, अभिज्ञान कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, अभिजीत काले, उप कमाण्डेन्ट, ओमप्रकाश विश्नोई सहा.कमाण्डेन्ट, वाहिनी चिकित्सा अधिकारी डा0 राहुल चद्रन आर0पी0 एवं वाहिनी के अन्य अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थिति रहे।

### आज तक परिचालनिक डयुटी में नहीं हुआ है कोई नुकसान

वाहिनी द्वारा अपने कार्यक्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाते हुए काबू पा लिया है तथा साथ ही सभी की मेहनत के फलस्वरूप आज तक इस वाहिनी को परिचालनिक डयुटी में कोई नुकसान नहीं हुआ है। इस अवसर पर पिछले एक वर्ष के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली कम्पनी तथा कार्मिकों को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र भी वितरित किये गये। इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय में मेला एवं किक्रेट मैच का भी आयोजन किया गया। सांयकाल में वाहिनी मुख्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बडा खाना का आयोजन किया गया जिसमें सभी कम्पनीयों के कार्मिक तथा कोण्डागांव में निवास कर रहे कुछ कार्मिकों के परिवारों ने भी हिस्सा लिया तथा इसका भरपूर लुत्फ उठाया। कमाण्डेंट महोदय ने सभी कार्मिकों व उनके परिवारवालों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

# चैत्र नवरात्रि को लेकर दन्तेश्वरी मंदिर समिति की हुई बैठक

**फरसगांव।** देव नगरी ग्राम बड़ेडोंगर में मां दन्तेश्वरी ज्योति कलश स्थापना समिति व समस्त ग्रामवासी का आवश्यक बैठक रखा गया, जिसमें होली पर्व को शांति पूर्वक मनाने पर चर्चा हुआ तथा इस वर्ष चैत्र नवरात्रि पर्व 30 मार्च से 6 अप्रैल तक चलेगी जिसमें श्रद्धालुओं हेतु मनोकामना तेल ज्योति शुल्क 701 रू व घीं ज्योति शुल्क 1801 रु निर्धारित की गई जिसमें रशीद बुक काटने हेतु सोनू राना बड़ेडोंगर, शिवम् कम्प्यूटर बड़ेडोंगर, विनोद साहु किराना बड़ेडोंगर, श्रीराम किराना स्टोर बड़ेडोंगर, कबीर फोटो स्टूडियो फरसगांव, अमित जनरल स्टोर फरसगांव, ए.के. मरावी बाबू फरसगांव, रामदेव ज्वैलर्स केशकाल, मांझी इलेक्ट्रीकल्स धनोरा, पुर्णिमा जैन भिरावाही कांकेर, सपन भट्टाचार्य कोण्डागांव, हेमलाल निषाद लंजोड़ा, भावसिंह देहारी चिहरीपारा नारायणपुर, जयदेव यादव छिनारी, तुलसी वस्त्र भण्डार फरसगांव हैं व ग्राम बड़ेडोंगर का वार्षिक तीन दिवसीय माता मावली मेला 04 अप्रैल शुक्रवार से 6 अप्रैल रविवार तक रहेगी व बाबा रणबीर (लाई मड़ई) मेला 09 अप्रैल बुधवार को सम्पन्न किया जावेगा।



### ये रहे उपस्थित

बैठक में विशेष रूप से गणेश प्रधान अध्यक्ष मंदिर समिति,कंवल सिंह सोरी उपाध्यक्ष, केशर चंद पुजारी सचिव, सम्पत यादव सहसचिव, दुर्गेश निर्मलकर कोषाध्यक्ष,थाना बड़ेडोंगर से ठाकुर साहब, चन्द्रवती पुजारी सरपंच, सुरेश समरथ उपसरपंच,भक्तु समरथ, बिलम गागड़ा,विद्यासागर नायक, गुलबीर चनाप, ग्राम पटेल बालसिंह कुदराम,शिव शांडिल्य, अशोक माली, देवेन्द्र राना, पितांबर राना, निरंजन वैष्णव, अशोक तिवारी, दलगंजन कश्यप, जयदेव नाग, फुलदास, अशोक दास, मंगल दास व ग्राम पंचायत के समस्त वार्ड पंच, समस्त पुजारी गण, समस्त गांयता गण, मंदिर समिति के समस्त सदस्य व नेंगकारी व ग्राम के समस्त सियान व युवाओं की उपस्थिति रही।

अधिकारी कर्मचारियों ने तिलक लगाकर किया युवा नपाध्यक्ष का स्वागत

# नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने 17 मार्च सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर विधिवत पूजा अर्चना कर पद भार ग्रहण किया। इस अवसर पर अधिकारी कर्मचारियों ने उनका तिलक लगाकर और शाल पहनाकर नगर के पहले युवा अध्यक्ष आत्मीयतापूर्ण स्वागत किया एवं शुभकामनाएं दी। युवा अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब मिलकर नगर विकास कार्यों पर जोर देंगे। हम सभी एकजुट होकर एक टीम के रूप में काम करेंगे। नगर में पानी सफाई और मूलभूत सुविधा के लिए आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होना चाहिए।



**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर नगर पंचायत सीएमओ पवन मेरिया, पार्षद राजकुमारी नेताम, सुशीला मरकाम, संगीता राव, मूलचंद पांडे, राजेश सोना, विजय लांगड़े, विनोद पांडे, नरेंद्र गौर,जनक नेताम, नगर के वरिष्ठजन रामकुमार पात्र, दीपेंद्र मशीह, विशु सिकदार सहित अन्य मौजूद रहे।

# राजमिस्त्री एवं मजदूरों ने मनाया होली मिलन समारोह

**फरसगांव।** राजमिस्त्री एवं मजदूर कल्याण संघ जिला कोंडागांव ब्लॉक फरसगांव के तत्वावधान में होली मिलन समारोह आयोजन किया गया गया, जहां सर्वप्रथम संघ के पदाधिकारियों द्वारा निर्माण एवं सृजन के देवता भगवान विश्वकर्मा के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किया गया तद्पश्चात फरसगांव ब्लॉक क्षेत्र से उपस्थित राजमिस्त्री, मजदूरों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दी एवं फाग गीत गाकर थिरकते नजर आए। इस दौरान संघ की जिलाध्यक्ष श्रीलाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष दुखुराम मरकाम, सचिव गोविंद राम पटेल, लखमुराम नेताम, बिजेंद्र कुदराम, सुझदेव कोर्राम, सुखनाथ नेताम, सुनील यादव, संगिलाल मरकाम, उत्तम यादव सहित क्षेत्र के राजमिस्त्री, मजदूर गण उपस्थित रहे।



## एबीपीएसएसपी ने शांति फाउंडेशन पुनर्वास केंद्र में आयोजित किया होली मिलन कार्यक्रम

# हर्षोल्लास के साथ मनाया होली मिलन, पदाधिकारियों ने मरीजों को रंग लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव द्वारा इस वर्ष भी शांति फाउंडेशन पुनर्वास केंद्र में मानसिक रूप से पीड़ित मरीजों के साथ होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। परिषद के पदाधिकारियों ने मरीजों को रंग–गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। इस आयोजन का उद्देश्य समाज के उन वंचित लोगों के बीच खुशियाँ बाँटना था, जिनका इस दुनिया में कोई सहारा नहीं है। पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पदाधिकारी प्रतिवर्ष शांति फाउंडेशन पुनर्वास केंद्र में आकर मानसिक रोगियों के साथ होली मनाते हैं। इस पहल के माध्यम से वे यह संदेश देना चाहते हैं कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को प्रेम, सम्मान और अपनापन मिलना चाहिए, चाहे उनकी परिस्थितियाँ कैसी भी हों।



### अतिथियों ने मिलकर मरीजों को लगाया गुलाल

इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागाँव के संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा, जिलाध्यक्ष सूरज यादव, उपाध्यक्ष अजनेर लकड़ा, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर भारती तथा शांति फाउंडेशन के अध्यक्ष यतींद्र सलाम विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने मिलकर मरीजों को गुलाल लगाया और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

### दिया भाई चारे का संदेश

समारोह के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने एक–दूसरे को रंग लगाकर और मिठाई बाँटकर भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। यह आयोजन न केवल एक त्योहार को मनाने का माध्यम था, बल्कि समाज में प्रेम और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करने का एक सशक्त प्रयास रहा।

### समाज सेवा की एक अनूठी पहल

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का यह प्रयास न केवल सामाजिक दायित्व को दर्शाता है, बल्कि यह भी प्रमाणित करता है कि पूर्व सैनिक सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद भी समाज की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। परिषद के सदस्य मानसिक रोगियों के बीच जाकर यह सुनिश्चित करते हैं कि वे स्वयं को अकेला महसूस न करें और उनके जीवन में भी त्योहारों की खुशियाँ बनी रहें। शांति फाउंडेशन पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष यतींद्र सलाम ने पूर्व सैनिक सेवा परिषद के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल मानसिक रूप से पीड़ित मरीजों के लिए संजीवनी साबित होती है। इस तरह के आयोजनों से मरीजों को मानसिक और भावनात्मक संबल मिलता है, जिससे उनके उपचार में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

# वाहन जलकर हुआ खाक, असामाजिक तत्वों पर शक

**गीदम।** दंतेवाड़ा जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम के पुराने अस्पताल परिसर के पास खड़ी होंडा सिटी कार बीती आधी रात जलकर खाक हो गई। यह घटना कैसे हुई फिलहाल स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है लेकिन असामाजिक तत्वों पर इस घटना को अंजाम देने की आशंका जताई जा रही है। मिली जानकारी अनुसार वाहन क्रमांक सीजी 04 डी एल 8877 वाहन प्रतिदिन की तरह शनिवार रात में वाहन मालिक सन्तोष कुमार मिश्रा के घर के पास खड़ी थी।

## पेज 9 के शेष

### अंग्रेजी शराब का...

स्ट्रांग बियर कीमत 6670 रुपए पाए जाने से आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम किया गया। अरोपी के द्वारा अपराध स्वीकार किए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। पुलिस के द्वारा गठित टीम महिला प्रधान आरक्षक प्रीतम लाटिया, टोमन साहू, आरक्षक प्रणय यादव, महिला आरक्षक मिथलेश कावड़े के द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करने में योगदान रहा है।

### पेट्रोल पंप परिसर...

करने से मै जमीन मे गिर गया। मारपीट करने से मेरे आंख, सिर में चोट लगा है। उक्त घटना पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गया। पेट्रोल पंप संचालक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सिंगारवाही-सियारीनाले...

से जल्द कोई ठोस कार्रवाई नहीं किया गया, तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

ग्रामीणों के द्वारा की जा रही शिकायत पर लोक निर्माण विभाग के एसडीओ एवं सब इंजीनियर से संपर्क करने का प्रयास किया गया, परंतु संपर्क नहीं हो पाया।

**खबर संक्षेप**

### दिगंबर जैन समाज की चुनाव प्रक्रिया शुरू

**जगदलपुर।** दिगंबर जैन समाज जगदलपुर के 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2027 तक के लिए चुने जाने वाले अध्यक्ष के कार्यकाल के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामांकन फार्म आज शाम 4 बजे तक प्राप्त किए गए। कल 18 मार्च को नामांकन फार्म शाम 5 बजे तक लिए जा सकते हैं। आवश्यक हुआ तो 22 मार्च को चुनाव होगा।

### डॉ. स्वामी परमार्थ देव का हुआ दंतेवाड़ा प्रवास



**गीदम।** पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट हरिद्वार से डॉ. स्वामी परमार्थ देव मुख्य केंद्रीय प्रभारी का छत्तीसगढ़ प्रवास हुआ। इस दौरान उनके साथ स्वामी नरेंद्र देव छत्तीसगढ़ प्रभारी भी थे। उनका स्वागत सत्कार योग भवन कारली 9वीं बटालियन के पास हुआ। उसके पश्चात दंतेवाड़ा मेला मड़ई कार्यक्रम में मां दंतेश्वरी एवं देवी देवताओं का दर्शन हुआ व रात्रि विश्राम योग भवन कारली में हुआ। बुधवार से पांच दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ एवं मां दंतेश्वरी कॉरिडोर स्थित वट वृक्ष के नीचे योग अभ्यास तथा मेनका डोबरा में देवी देवताओं के प्रेरमा, पुजारी, सिरहा एवं सेवा दारों से मुलाकात कर योग आयुर्वेद जड़ी बूटी के संबंध में चर्चा की गई।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता एम. अघोर नहीं रहे

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के बासागुड़ा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एम. अघोर का निधन हो गया। वे



पूर्व सांसद स्व. बलीराम कश्यप के बेहद करीबी रहे है। भाजपा से जुड़े होने के कारण लगभग 27 वर्ष पूर्व बासागुड़ा में इनके मकान में नक्सलियों ने बम ब्लास्ट कर धमकाया था। उसके बाद भाजपा नेता अपने परिवार सहित बासागुड़ा गांव छोड़ कर हैदराबाद में रहने लगे थे। स्व. रामचंद्र नरसिंह रेड्डी एंव एम. अघोर क्षेत्र के सक्रिय जननेता थे। हैदराबाद में वे बस्तर दवा खाना के नाम से दुकान खोल कर आयुर्वेदिक जड़ी-बूटीओं का व्यापार कर जीवन यापन कर रहे थे।

## परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी और अनुशासन बनाए रखने के निर्देश

# पांचवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा प्रारंभ, व्यवस्था रही सुचारू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

विकासखंड बस्तर के प्राथमिक शाला माँझीगुड़ा में सोमवार से पाँचवी कक्षा की बोर्ड परीक्षा प्रारंभ हो गई। इस सत्र से पाँचवी और आठवीं कक्षाओं के लिए बोर्ड परीक्षा प्रणाली लागू की गई है, जिसके अंतर्गत अन्य शालाओं से केंद्राध्यक्ष भेजे जा रहे हैं।

परीक्षा केंद्रों में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, जिससे परीक्षा सुचारू रूप से संचालित होती देखी गई। परीक्षा केंद्रों में छात्रों की उपस्थिति संतोषजनक रही और सभी आवश्यक निर्देशों का पालन किया गया। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी और अनुशासित बनाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं।

छात्रों एवं शिक्षकों के सहयोग से परीक्षा प्रक्रिया बिना किसी बाधा के आगे बढ़ रही है। अभिभावकों ने भी बोर्ड परीक्षा प्रणाली लागू होने को सकारात्मक कदम बताया, जिससे प्रारंभिक शिक्षा में गुणवत्ता को बढ़ावा मिलेगा।

### प्राचार्य ने किया आकस्मिक निरीक्षण



बस्तर ब्लॉक के संकुल केन्द्र एकटागुड़ा एवं आडावाल संकुल केंद्रों के विभिन्न प्राथमिक शालाओं में कक्षा 5वीं की केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा 2025 का सुचारू संचालन किया जा रहा है। शासकीय कन्या परिसर परचनपाल के संकुल प्राचार्य ए. आर. नोनहारे द्वारा इन परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला एकटागुड़ा, प्राथमिक शाला टाकरागुड़ा, प्राथमिक शाला महुपालबरई, प्राथमिक शाला भाटपाल, प्राथमिक शाला भुरसुंडी, प्राथमिक शाला परचनपाल, प्राथमिक शाला सरपंचपारा महुपालबरई, प्राथमिक शाला नारनपाल सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया गया। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा नियमानुसार एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संचालित हो रही थी। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि दर्ज संख्या के अनुसार सभी विद्यार्थी परीक्षा में उपस्थित थे और किसी भी छात्र की अनुपस्थिति दर्ज नहीं की गई। संकुल प्राचार्य ए. आर. नोनहारे ने परीक्षा की स्वच्छ एवं पारदर्शी व्यवस्था की सराहना की तथा विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मियों को उचित संचालन हेतु निर्देशित किया। संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया सुव्यवस्थित एवं अनुशासनात्मक रूप से संचालित हो रही थी, जिससे छात्रों को परीक्षा देने में किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं हो रही थी।

## 5वीं व 8वीं की परीक्षा के संचालन पर हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

जिला मुख्यालय से प्राप्त विभागीय निर्देशानुसार कक्षा 5 वीं, 8 वीं केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा 2024-25 की सफल संचालन के लिए संकूल प्राचार्य, परीक्षा केंद्राध्यक्ष एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों की समीक्षा बैठक आहूत की गई।

बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कनडिक नारायण व सहायक खंड शिक्षा ऐटला श्रीनिवास एवं खंड श्रोत सामान्यव्यक यालाम शंकर ने केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा की तैयारी के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक हुई। आज के बैठक में सभी संकुल प्राचार्य एवं सभी केंद्राध्यक्षों को शामिल किया गया था। साथ ही परीक्षा समय सारिणी अनुसार नियमित कक्षा 5वीं व 8वीं को सफल संचालन हेतु निर्देशित किया गया है। परीक्षा में किसी प्रकार कोई गड़बड़ी न हो सके, इसके लिए उड़नदस्ता दलों की भी नियमानुसार जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक खंड शिक्षा अधिकारी कांडीक नारायण के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

### 18 और 19 को विखं स्तरीय तथा 21 एवं 22 को होगा जिला स्तरीय बस्तर पंडुम

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ की अनूठी आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के उद्देश्य से बस्तर पंडुम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप इस आयोजन के माध्यम से बस्तर संभाग जनजातिय बाहुल्य राज्य छत्तीसगढ़ की स्थानीय कला एवं सांस्कृतिक परंपरा से परिपूर्ण बस्तर अंचल के लोककला, शिल्प, तीज-त्यौहार, खानपान, बोली-भाषा, रीति-रिवाज, वेश-भूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, नाट्य, पेय पदार्थों के मूल स्वरूप को संरक्षण संवर्धन एवं कला समूहों के सतत विकास तया जनजातिय कलाकारों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से बस्तर पंहुम के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 18 मार्च से 19 मार्च तक किया जाना है।

## होली मिलन में कार्यकर्ताओं संग थिरके विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

विधायक चैतराम अटामी द्वारा आज होली मिलान समारोह का आयोजन आम बगीचा बिंजाम रोड चितालंका में किया गया। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता समेत समस्त भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। विधायक चैतराम अटामी अलग अंदाज में होली गीतों पर कार्यकर्ताओ संग नृत्य करते एवं रंग गुलाल खेलते नजर आये।

विधायक चैतराम अटामी को बेहद सरल अंदाज में ग्रामीणों संग रंग गुलाल खेलते एवं साथ में नृत्य करते देख उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधि भी अपने आप को रोक न पाये और जमकर नाचे। प्रतिवर्ष की भांति विधायक द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का बड़ी संख्या में लोगों ने आनंद लिया। नव निर्वाचित जनप्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। दंतेवाड़ा जिले के नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत में प्रचंड जीत के बाद होली मिलन समारोह में भाजपा कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि जश्न मनाते दिखे।

विधायक ने सभी को होली पर्व की एक बार फिर शुभकामनाये व बधाई दी। उन्होंने कहा की क्षेत्र की देवतुल्य जनता के आशीर्वाद से हाल ही संपन्न हुए चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत हुई है और होली पर्व के अवसर पर हम सब एकत्रित होकर खुशियां बाँट रहे है। प्रसन्नता के साथ-साथ जिम्मेदारी भी बड़ी है। क्षेत्र के विकास, जनता की मुलभुत सुविधाएं को लेकर पक्ष हो या विपक्ष सभी का सहयोग मिलना चाहिए। निरंतर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासन के सहयोग से एक परिवार की तरह जनता की सेवा करते हुए विज़न के साथ दंतेवाड़ा जिले का सर्वागीण विकास करेंगे।

### तिरथा शिविर में स्वास्थ्य जांच




**भानपुरी।** संचालनालय आयुष एवं जिला आयुष अधिकारी डा. मोहिनीश साहू मेडम के निर्देशानुसार आयुष ग्राम तिरथा मे 7 दिवसीय गहन स्वास्थ्य परीक्षण एवं शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एनीमिया कार्यक्रम सुपोषण कार्यक्रम सुप्रजा कार्यक्रम एनसीडी कार्यक्रम तथा पेलिएटिव केयर के तहत हितग्राहियों का स्क्रिनींग किया गया। एनीमिया कार्यक्रम में हिमोग्लोबिन की जांच रक्ताल्पता में खून बढ़ाने के लिए आयुर्वेदिक दवाइयों का वितरण किया गया। सुपोषण कार्यक्रम में मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चों के पोषण आहार के बारे में बताते हुए कुपोषित बच्चों की वजन वृद्धि हेतु औषधि प्रदान की गयी। सुप्रजा कार्यक्रम में 25 गर्भवती व 5 प्रसवोत्तर माताओं की जांच की गयी। एनसीडी कार्यक्रम में बीपी और सुगर के मरीजों का जांच कर दवाईयां प्रदान की गयी। शिविर में शिविर प्रभारी डा.जितेन्द्र त्रिपाठी के अलावा डा. एस.आर पटनायक, डा.विनोद सिंह, डा.एन भोई, डा. महिन्द्र साहू, डा.टीएस बढेई, फार्मासिस्ट मोहन लाल, गजेन्द्र हिचामी, औषधालय सेवक सरिता धनमती, स्टाफ नर्स निलेन्दी भुवनेश्वरी, आरएचओ रामेश्वरी, वार्ड आया खीरवती, वासुदेव, प्रेम एवं कमल का सहयोग रहा।

## मधोता में हुई धाकड़ समाज की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

ग्राम मधोता में धाकड़ समाज की क्षेत्रीय वार्षिक बैठक का आयोजन रविवार को मंदिर प्रांगण में किया गया था। जिसमें खोटलापाल, बोदरा, नदीसागर, पराली, सालेमेटा, टिकनपाल खैरगुड़ा, मधोता क्षेत्र से ग्राम प्रमुख एवं सदस्य सम्मिलित थे।

बैठक में धाकड़ समाज कल्याण समिति प. क.10281 की वार्षिक लेखा जोखा, क्षेत्र की सामाजिक गतिविधि पर चर्चा किया गया। कोषाध्यक्ष प्रेमसागर ठाकुर ने बताया कि प्रत्येक वर्ष वार्षिक सदस्यता शुल्क समाज के सदस्यों के द्वारा समाज कल्याण के लिए जमा की जाती है। जिस राशि को बैंक खाते में जमा की जाती है उक्त राशि को समाज बंधु के कल्याण के लिए उपयोग की जाती है। इसके अलावा क्षेत्र में हो रहे गतिविधि नीति नियम पर चर्चा किया गया। बीते वर्ष की तरह ही सगाई में केक काटना, शादी विवाह में कपड़ा लेन देन प्रतिबंध रहेगा, धाकड़ समाज कल्याण समिति जिला बस्तर की बनी नियमावली का पूर्ण पालन किया जायेगा।



### राम नवमी एवं मंदिर निर्माण पर चर्चा की

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी चित्रकोट में राम नवमी पर क्षेत्र से गाड़ी व्यवस्था कर कलश के साथ सम्मिलित होने की बात कही गई है। राम मंदिर निर्माण कार्य चित्रकोट में अवरुद्ध है जिसको लेकर क्षेत्र वासियों ने चिंता व्यक्त की है और कारण जानने का प्रयास किया है। जो भी सहयोग होगा सहयोग प्रदान करने की बात कही गई है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष तुलाराम ठाकुर, वरिष्ठ जगन्नाथ सिंह, क्षेत्र सचिव कृष्णा ठाकुर, मीडिया प्रेमसागर, ग्राम प्रमुख पारेश्वर, मोहन सिंह, धबीर सिंह, जम्मू सिंह, धनेश्वर, हेमकुमार, भेलकु ठाकुर, बुट्टु सिँह, मंगलू ठाकुर, शम्भु ठाकुर, कमल सिंह एवं समस्त धाकड़ समाज सदस्य उपस्थित थे।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम में पंचमुखी हनुमान जी का मंदिर बनेगा और यहां दक्षिण दिशा की तरफ हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह नगर में हनुमान जी का ऐसा पहला मंदिर होगा। इस निर्माण कार्य के लिए नगर के पार्श्वनाथ भगवान मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई, जिसमे मुख्य रूप से सर्व हिन्दू समाज के लोग शामिल हुए। इस बैठक में मंदिर निर्माण के लिए दान से प्राप्त भूमि की रजिस्ट्री एवं समिति का पंजीयन, भूमि पूजन, निर्माण समिति, दान समेत मंदिर निर्माण से जुड़े अन्य कार्यो पर चर्चा की गई। जिसमें सर्व सहमति से पंचमुखी हनुमान सेवा समिति के नाम से समिति का निर्माण किया गया। समिति में अध्यक्ष



शीतल सुराना बनाए गए वही उपाध्यक्ष अरुण गुप्ता, कोषाध्यक्ष रजत दहिया, सचिव सुजीत सिंह , सह सचिव नीरज गुप्ता को बनाया गया है वही कार्यकारिणी सदस्यों में वीरेश मिश्रा, विधान मंडल, जोगराज सुराना, जसराज शर्मा, भरत, लोकेश शर्मा, प्रमोद गुप्ता, सोनू बुरड़, सूरज सिंह व राजेश सुराना को बनाया गया। समिति के अध्यक्ष शीतल सुराना ने बताया कि मंदिर निर्माण के लिए जल्द ही भूमि की रजिस्ट्री करवाई जाएगी इसके पश्चात मंदिर निर्माण के सम्बंध में फिर बैठक आहूत की जाएगी।

## कैलाशनगर में धूमधाम से किया होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

बुराई पर अच्छाई की जीत एवं अनेकता में एकता को दर्शाता प्रेम, सदभाव एवं सामाजिक समरसता के प्रतीक का पर्व होलिका दहन कैलाश नगर में धुमधाम के साथ मनाया गया। पर्व के खास मौके पर नगर के वार्ड नंबर 15 में स्थित रिक्त भूमि पर पहली बार होलिका दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसे लेकर वार्डवासियों में खासा उसाह देखा गया।

होलिका दहन पर्व के मद्देनजर कैलाशनगर के रहवासियों ने उक्त स्थल की साफ सफाई पूर्व में ही करवा लिया था। होलिका दहन के दिन युवा टीम मिलजुलकर सबके सहयोग से होलिका दहन की तैयारी में जूट गए थे। होलिका दहन स्थल को



तोरण आदि से सजाया गया। लाईटिंग एवं साउंड सिस्टम की व्यवस्था की गई थी। होलिका दहन कार्यक्रम में शामिल होने एवं कार्यक्रम को देखने बड़ी संख्या में केवल कैलाशनगर वार्ड के रहवासी ही नहीं बल्कि अन्य वार्डों के लोग भी पहली बार आयोजित हो रहे होलिका दहन के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। रात्रि 11:30 बजे शुभ मुहूर्त के शुरू होते ही पंडित विजय पाणीग्राही ने मन्त्रोचार आरंभ किया जिसके बाद महिलाओं ने एवं अन्य भक्तगणों ने धूप, दीप, नैवेद्य जलाकर होलिका की पूजा की और जैसे ही होलिका जली उसके चारों ओर परिक्रमा कर लोगों ने अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना करते धुमधाम के साथ होलिका दहन पूजन किया। होलिका दहन पूजन उपरांत सभी लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। जिसके बाद सभी लोगों ने एक दूसरे पर सूखा रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में शामिल होने नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद पंकज राजा शर्मा भी उपस्थित हुए थे। शर्मा ने भी इस अवसर पर सभी वार्डवासियों को होली की बधाई एवं शुभकामनांए दी। होलिका दहन पश्चात देर रात तक युवा होली रिमिक्स गाने पर नाचते थिरकते होली की मस्ती में सराबोर होते रहे। कार्यक्रम की तैयारी में सबसे ज्यादा मेहनत वार्ड के युवा गुडडा नाग ने की उनके अथक प्रयास एवं मेहनत के चलते ही कैलाशनगर में पहली बार इतने भव्य होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन संभव हो पाया। इसके लिए सभी वार्डवासियों ने गुडडा नाग की भूरि भूरि प्रशंसा भी की।

## विहिप, बजरंगदल ने प्रथम भगवा ध्वज मां दंतेश्वरी को किया अर्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विहिप, बजरंगदल राम जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर नगर सहित ग्रामों में भव्य रूप से बनाने के उद्देश्य से जुट गया है। विहिप लगातार राम जन्मोत्सव के दौरान होने वाले कार्यक्रमों के प्रचार प्रसार के लिए नगर सहित ग्रामो में समाज प्रमुखों,संगठन के कार्यकर्ताओ के साथ लगातार बैठके आयोजित कर रहा है। इस तारतम्य में सोमवार के दिन आगामी माह में होने वाले हिंदू नववर्ष (चैत्र नवरात्र) को लेकर नगर व ग्रामो में भगवाकरण करने से पूर्व दंतेश्वरी मंदीर में मां दंतेश्वरी देवी को प्रथम ध्वज अर्पित कर नगर भगवाकरण की शुरुआत की गयी। इस दौरान नगर के समाजसेवी, हैप्पी कामधेनु गौशाला, बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

## देवांगन समाज के राजेन्द्र अध्यक्ष एवं दीपक बने सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

परमेश्वरी भवन में हुए जिला देवांगन समाज के चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। इससे समाज में सामाजिक समरसता और सहभागिता का एक

- बस्तर जिला देवांगन समाज का चुनाव परमेश्वरी भवन में सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित

नया आदर्श स्थापित किया। रविवार देर रात को हुए चुनाव में जिले में समाज के सैकड़ों की संख्या में मतदाता और सामाजिक प्रमुख शामिल हुए।

चुनाव में निर्विरोध रूप से राजेन्द्र देवांगन अध्यक्ष, रविन्द्र



देवांगन एवं राम देवांगन उपाध्यक्ष, दीपक देवांगन सचिव निर्वाचित हुए। कोषाध्यक्ष के रूप में जितेंद्र देवांगन चुने गए। वरिष्ठ समाज प्रमुखों ने कहा कि समाज में एक नए युग का सूत्रपात हो रहा है। निर्विरोध चुनाव होने पर समाज के सभी लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की एवं कहा इससे समाजिक एकता बनी रहेगी व समाज आगे प्रगति करेगा। मुख्य चुनाव अधिकारी महेश देवांगन ने शांतिपूर्ण, प्रजातांत्रिक ढंग से चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराई। देवांगन समाज में चुनाव सम्पन्न होने के पश्चात होली मिलन का कार्यक्रम रखा गया एवं इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ समाज के लोगों के होली के गीतो पर रंगारंग कार्यक्रम में डांस एवं गीत गाते हुए सामाजिक एकता का परिचय दिया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष प्रदीप देवांगन, नगर निगम के सभापति खेम देवांगन, पार्षद कुबेर देवांगन, श्यामलाल देवांगन, सपन देवांगन, डां धर्मेंद्र देवांगन, श्यामवती देवांगन, सुषमा देवांगन, दयावती देवांगन, सुधा देवांगन, ज्योति देवांगन, योगिता देवांगन,अनिता देवांगन, दमयन्ती देवांगन, किरण देवांगन, बबीता देवांगन, नारायण देवांगन, देवेन्द्र देवांगन, विष्णु देवांगन, राजेश देवांगन सहित बड़ी की संख्या में समाज के सदस्यगण उपस्थित रहे।

### पैसेंजर ट्रेन 3 से 10 अप्रैल तक अरकू से विशाखापटनम चलेगी

**जगदलपुर।** विशाखापटनम रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के सुदीप के द्वारा जारी 12 मार्च के आदेश में 16 मार्च से 3 अप्रैल तक पैसेंजर और नाईट एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन किरन्दुल तक नही करने का अवधि में विस्तार करते इस दौरान दोनों यात्री ट्रेन विशाखा पटनम से दंतेवाड़ा तक चलने जानकारी दी गई थी। अब चौथे बार बस्तर से विशाखापटनम चलने वाली पैसेंजर का परिचालन 3 अप्रैल तक दंतेवाड़ा तक होने और 4 अप्रैल से यह दंतेवाड़ा से भी रद्द कर अरकू से विशाखापटनम तक आगामी 10 अप्रैल तक विशाखापटनम से अरकू के बीच चलाने का फरमान जारी करने से बस्तर के रेल यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। सोमवार को नए जारी आदेश में उल्लेख किया गया है 2 से 10 अप्रैल तक विशाखापटनम से चलने वाली ट्रेन संख्या 58501 विशाखापटनम - किरंदुल पैसेंजर को अरकू में रद्द किया जाएगा।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतो की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### केंद्राध्यक्ष ने बच्चों पेन, पेंसिल व चाकलेट दी

**आरंग।** सोमवार को प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा प्रारंभ हो चुकी है। इस मौके पर शासकीय प्राथमिक शाला नहर पारा सण्डी के केन्द्राध्यक्ष राजकुमार दीपक ने परीक्षा में शामिल 5वीं के बच्चों को पेन, पेंसिल व चाकलेट बांटकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान कर नियमित शाला आने हेतु प्रेरित किया गया। वरिष्ठ शिक्षक पं. छत्रधर दीवान, गोवर्धन प्रसाद धीवर, सी.ए.सी. युवराम साहू, जगजीवन राम जांगडे ने दीपक सर के इस अनुकरणीय पहल के लिए साधुवाद दिया।

### धनवाफूलचुर का दो दिनी वार्षिक मेला 22-23 को

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत गुदुम के आश्रित ग्राम धनवाफूलचुर का दो दिवसीय मेला 22 व 23 मार्च को होगा। ग्राम के वार्षिक मेला में आसपास के देवी देवता, गायता, पटेल, ग्रामीण, व्यापारी, महिला, पुरुष व बच्चे शामिल होंगे।

### मृतक के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए नदी में डूबने से मृत्यु होने के एक प्रकरण में चार लाख रूपएं की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। तहसील चारामा के ग्राम हाराडुला निवासी 37 वर्षीय अनिल कुमार की मृत्यु नदी में डूबने से हो जाने पर उनकी पत्नी रियाबाई धर्मवीर को चार लाख रूपएं की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### बाइक से गिरकर घायल हुए युवक की हुई मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत 32 वर्षीय दयाबती दुग्गा का गिरकर घायल होने से 16 मार्च को मौत हो गया। कुतुर कुरूषबोड़ी निवासी रूपधर दुग्गा ने पुलिस को बताया कि मृतिका मोटरसायकल में सवार होकर कुरेनार की ओर जा रही थी।

# जनता से मधुर संबंध स्थापित करने बासनवाही में हुआ पुलिसिंग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

जिले के अंतिम छोर ग्राम बांगाबारी, साईमुंडा,मांडाभर्री, बासनवाही के लोगों को पुलिस से जोड़ने एवं जिले के अंतिम व्यक्ति के बीच की दूरी मिटाने चौकी दुधावा पुलिस की ओर से ग्राम पंचायत बासनवाही में उप महानिरीक्षक अमित तुकाराम कांबले, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला, एएसपी दिनेश सिन्हा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बासनवाही में आयोजित कार्यक्रम मुख्यातिथि जनपद सदस्य पवन कुमार नेताम के मुख्य आतिथ्य, दुधावा चौकी प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र वर्मा की अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि बबिता वट्टी सरपंच बासनवाही, रूखमणी नेताम सरपंच बांगाबारी, सरिता मंडावी सरपंच साईमुंडा, धनेश्वरी नेताम सरपंच मांडाभर्री, संदीप द्विवेदी, पंच रत्न नेताम, पंच चन्द्रभान साहू, दीनदयाल साहू, अमिताभ नेताम उप सरपंच बासनवाही, आत्माराम जैन उपसरपंच मांडाभर्री, हेमलाल मरकाम उपसरपंच बांगाबारी सेवक राम नेताम उपसरपंच साईमुंडा के विशेष आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर दुधावा पुलिस ने गांव स्तर पर खेल को प्रोत्साहन करने के के उद्देश्य से सामुदायिक पुलिसिंग के तहत खिलाड़ियों को खेल सामग्री, चारों पंचायत के जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, युवा, खिलाड़ियों, बुजुर्ग, महिलाओं एवं बच्चों की उपस्तिथि में कुर्सी दौड़, हंडी फोड़ प्रतियोगिता कराया साथ ही महिलाओं को साड़ी, बुजुर्गों को धोती, युवकों को क्रिकेट सामग्री, फुटबॉल, बालीबाल के किट, ट्रेक सूट, बच्चों को पेन, कापी, चाकलेट का वितरण किया गया।

## कुरीतियों को दूर करने की दी समझाइश

### शराब जुए से दूर रहें

चौकी प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि पुलिस हर कदम पर आम लोगों के साथ है। कार्यक्रम का मकसद जनता और पुलिस के बीच मधुर सम्बंद स्थापित करते हुए पुलिस और जनता के बीच मैत्रीपूर्ण परिवेश के निर्माण करना है। आम जनता के सेवा के लिए पुलिस हमेशा ततपर है। युवाओं को शराब, जुआं जैसी कुरीतियों से दूर रहने की सलाह देते हुए युवाओं को पढ़ाई और खेलकूद में मन लगाने की बात कही।



### ये रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में छत्रपाल साहू सहायक उप निरीक्षक, गौतम बिसेन प्रधान आरक्षक, परमेश नेताम, रीमा महिला, अल्का पोया, राजेश भास्कर ,डोमार मरकाम, टीकम भेड़िया के अलावा पुलिस स्टाप एवं महिला बुजुर्ग युवा बड़ी संख्या मेंउपस्थित रहे।

## विरोध : पदोन्नति आरक्षण में रोस्टर प्रणाली बहाल करने की मांग

# अजजा सेवक संघ ने नौ सूत्रीय मांगों को लेकर नगाड़े बाजकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

- ज्ञापन सौंपा और तत्काल मांगों को पूरी करने की अपील की

छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ की प्रदेश इकाई द्वारा पदोन्नति में आरक्षण रोस्टर बहाल करने और अन्य संवैधानिक मांगों को लेकर रायपुर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में पूरे प्रदेश भर से हजारों की संख्या में अजजा एवं अजा संवर्ग के कर्मचारी, अधिकारी तथा समाज के पदाधिकारी शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों ने अपनी नौ सूत्रीय मांगों को लेकर शासन को ज्ञापन सौंपा और तत्काल समाधान की मांग किया। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि पदोन्नति में आरक्षण रोस्टर बहाल किया जाए, सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुरूप आरक्षण व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए, स्कूल शिक्षा विभाग में आरक्षण रोस्टर बहाल कर प्राचार्य पदों पर पदोन्नति दी जाए, अनुसूचित क्षेत्रों में स्थानीय भर्ती को लागू किया जाए, फर्जी जाति प्रमाण पत्र धारकों को तुरंत बर्खास्त किया जाए, बीएड धारी बर्खास्त सहायक शिक्षकों का समायोजन किया जाए, अनुसूचित जाति एवं जनजाति संवर्ग के कर्मचारियों को संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए ठोस नीति बनाई जाए, संवर्ग के कर्मचारियों को विभागीय पदोन्नति में प्राथमिकता दी जाए, सरकारी सेवाओं में अजजा-अजा वर्ग के कर्मचारियों की संख्या सुनिश्चित करने के लिए विशेष भर्ती अभियान चलाया जाए, अनुसूचित जनजाति वर्ग के सरकारी कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए सख्त निगरानी तंत्र लागू किया जाए।



धरना प्रदर्शन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष आरएन ध्रुव, महासचिव एनआर चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष कमलेश ध्रुव, बामसेफ अध्यक्ष आरएल ध्रुव, सोशल लिंक पदाधिकारी विनोद कोसले सहित विभिन्न जिलों के अध्यक्षों ने शासन को चेतावनी दिया कि यदि एक सप्ताह के भीतर उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं, तो आंदोलन का और अधिक विस्तार किया जाएगा।

इस आंदोलन में कांकेर जिला अध्यक्ष राम प्रसाद नेताम के नेतृत्व में हजारों की संख्या में पदाधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। प्रमुख रूप से विजय नाग, रघुवीर प्रसाद मंडावी, कोमल नेताम, किशुन विचामी सहित कई अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। धरना स्थल पर कांकेर जिला अध्यक्ष राम प्रसाद नेताम ने सभा कहा कि पदोन्नति में आरक्षण बहाल करना हमारा संवैधानिक अधिकार है। हम सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों के अधिकार सुरक्षित रह सकें।

# 129 वीं वाहिनी के जवानों ने मिलकर मनाई होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल



कमांड मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल छत्तीसगढ़ ने अपने जवानों के साथ तालाबेड़ा सीमा सुरक्षा बल कैम्प में धूमधाम से होली का त्योहार मनाया। इस अवसर पर 129 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने रंगों के इस पर्व को उत्साह और भाईचारे का परिचय दिया। सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों और जवानों ने एकजुट होकर इस विशेष दिन को उत्साहपुर्ण तरीके से मनाया और एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया। जवानों ने अपनी दैनिक जिम्मेदारियों से थोड़ी देर के लिए अलग होकर इस पारम्परिक भारतीय त्यौहार का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में 129 वीं वाहिनी के अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों और जवानों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया, जिससे एकता और खुशी का वातावरण बना। होली का उत्सव न केवल जीवंत सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक माना जाता है, बल्कि सीमा सुरक्षा बल के कार्मिकों मे आपसी सौहार्द और लचीलेपन का भी प्रमाण मिलता है। सीमा सुरक्षा बल का यह प्रयास अपने कर्मयोगियों को सामाजिक और सांस्कृतिक जुड़ाव का अनुभव देने का है, जिससे वे देश की सेवा में ओर भी प्रेरित हो सकें। महानिरीक्षक कमांड मुख्यालय सीमा सुरक्षा बल हरी लाल विशेष रूप से रायपुर से अंतागढ़ के तालाबेड़ा कैम्प में 129 वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल के साहसी जवानों के साथ होली का त्योहार मानने के लिए पहुंचे। इस अवसर पर कमान्डेंट संजय सिंह और अन्य अधिकारियों की उपस्तिथि ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात जवानों के मनोबल को बढ़ाने के लिया प्रतिबद्धता को दर्शाया। इस दौरान जवानों के बीच आपसी स्नेह और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा मिला, जिससे यह आयोजन और भी यादगार बन गया। सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों ने जवानों के समर्पण और सेवा की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया।

# उल्लास महापरीक्षा की बैठक में दिलाई शपथ, परीक्षाएं ली जाएंगी 44 केंद्रों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ,जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर, जिला परियोजना अधिकारी के मार्गदर्शन में विकासखण्ड भानुप्रतापपुर अंतर्गत 23 मार्च को होने वाली असाक्षरों की महापरीक्षा के संबंध में एसडीएम भानुप्रतापपुर और खण्ड शिक्षा अधिकारी ने 17 मार्च को तहसील कार्यालय भानुप्रतापपुर में बैठक लिया।

एसडीएम गंगाधर वाहिले ने सभी ग्राम पंचायत प्रभारियों को कहा कि केंद्र प्रवर्तित उल्लास कार्यक्रम अंतर्गत परीक्षा में शतप्रतिशत असाक्षरों को बैठाए। खण्ड शिक्षा अधिकारी भानुप्रतापपुर सदे सिंह कोमरे ने सभी ग्राम पंचायत एवं वार्ड प्रभारियों को कहा कि केंद्र प्रवर्तित महत्वाकांक्षी योजना उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम में विकासखण्ड के 15 ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन किया गया है। 15 ग्राम पंचायतों में 44 परीक्षा केंद्र बनाये गये है। इन परीक्षा केंद्रों में केंद्राध्यक्ष एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गयी है। जिला रिसोर्स पर्सन टिकेश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि 23 मार्च परीक्षा के 3 दिवस पूर्व परीक्षार्थियों को शिक्षार्थी पर्ची घर घर जाकर वितरण किया जावेगा जिससे उन्हे पता चल सके कि उनका किस केंद्र में परीक्षा होगा। साथ ही साथ इसके लिए वातावरण निर्माण भी करें।

साक्षरता प्रभारी अशोक ठाकुर ने कहा कि परीक्षा हेतु निर्धारित पंजीयन फार्म भी भराया जावेगा जिसमें असाक्षरों की आवश्यक जानकारी भरी जावेगी। सभी परीक्षा केंद्रों में शिक्षार्थियों के लिए पेयजल प्रकाश और बैठने के लिए कुर्सी टेबल आदि की समुचित व्यवस्था करना होगा इसके लिए संबंधित सैक्टर प्रभारी संकुल प्रभारियों को दायित्व सौंपा गया है। बीआरसी राधेलाल नुरेटी ने बताया कि परीक्षा मे तीन भाग होगें पढ़ना लिखना और गणित ज्ञान।

परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों को पेंसिल रबर आदि उपलब्ध कराया जावेगा। परीक्षा दिवस को अधिकारियों द्वारा मानिटरिंग भी की जावेगी। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा विभाग साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली के पहल पर आयोजित राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मुल्यांकन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

# राजपूत महासभा की उपसमिति के अध्यक्ष बने भक्त प्रहलाद



**कांकेर।** राजपूत क्षत्रिय महासभा उपसमिति का निर्वाचन प्रक्रिया केंद्रीय पर्यवेक्षको की उपस्थिति में हुआ। राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादाह का द्वितीय चरण के नामांकन प्रक्रिया निर्विरोध रूप से संपन्न हुआ। पर्यवेक्षक मंडल द्वारा नव मनोनीत पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किया और विधिवत घोषणा किया गया। नव निर्वाचित उप समिति के अध्यक्ष भक्त प्रहलाद सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष संतोष सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष गिरीश सिंह गौतम, सचिव राजेंद्र सिंह ठाकुर, उप सचिव धीरज सिंह ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य पीतांबर सिंह बैस, दिलदार सिंह ठाकुर, रविकांत सिंह, खिलेंद्र सिंह ठाकुर, गोपेश्वर सिंह ठाकुर, डोमेंद्र सिंह ठाकुर, रजनी राजपूत अध्यक्ष महिला मंडल, रामेश्वरी गौतम सचिव महिला मंडल, मोहित सिंह ठाकुर युवाध्यक्ष, हर्षराज ठाकुर युवा सचिव को निर्वाचन दिवस में ही उप समिति के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान उप समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. मिलाप सिंह ठाकुर को त्रिवर्षीय आम चुनाव 2025 में उप समिति का मीडिया प्रभारी पद पर मनोनीत किया गया, वहीं सचिन सिंह पंवार, महेश सिंह व गोपाल सिंह ठाकुर को भी सदस्य के रूप में मनोनित किया गया।

# महुआ बीनने पर विवाद, महिला की पति-पत्नी ने की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के कच्चे चौकी अंतर्गत ग्राम साल्हे में पति-पत्नी ने मिलकर अन्य महिला के साथ मारपीट किया। आरोपियों ने महुआ बिनने की बात को लेकर पीड़िता के साथ मारपीट कर पास में पड़े पत्थर से हमला कर उसे घायल कर दिया। प्रार्थी छिंदपारा साल्हे निवासी 23 वर्षीय देवेन्द्र कोरेटी पिता बिरझू राम कोरेटी ने पुलिस को बताया कि 15 मार्च को अपने काम में आमापारा गया था। मेरी माँ सोनाबाई खेत की ओर महुआ बिनने गई थी। मेरे पड़ोसी परदेश मरकाम मेरे पास आया और बताया कि तेरी मां सोनाई बाई को उसके पूर्व पति बिरझू राम कोरेटी व उसकी पत्नी देवकी बाई कोरेटी दोनो मिलकर जमकर पिटाई किया है। आपकी मां हमारे घर में है, तब मै परदेश के घर गया। माँ से पूछने पर बताया कि महुआ बिन रही थी, तभी करीबन सुबह 8 बजे आरोपी साल्हे निवासी 50 वर्षीय बिरझू राम कोरेटी और 45 वर्षीय देवकी बाई कोरेटी ने एक राय होकर गाली देते हुए कहने लगे कि हमारे पेड़ के महुआ को बिन रही हो। ऐसा कहते हुए दोनो आरोपियों ने मिलकर मारपीट किया और जान से मारने की धमकी भी दिया। दोनो ने मिलकर पेड़ के पास पड़े पत्थर फेंककर मारा। जान बचाने के लिए मै जोर से चिल्लाई, तब दोनो आरोपी भाग गए, जैसे तैसे धीरे धीरे परदेश मरकाम के घर जान बचाकर पहुँची। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## चारामा में जल संकट, जनता ने प्रशासन से लगाई गुहार

**चारामा।** नगर चारामा के वार्ड क्रमांक 3 में पिछले तीन दिनों से जल आपूर्ति पूरी तरह से बाधित है, जिससे स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घरों के नलों में पानी नहीं आ रहा, जिससे दैनिक कार्यों में भी कठिनाई हो रही है। नगर पंचायत से बार-बार संपर्क करने के बावजूद संतोषजनक जवाब नहीं मिल रहा है। क्षेत्रवासियों की शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा, जिससे लोगों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। वार्ड वासियों ने नगर पंचायत प्रशासन से आग्रह किया कि जल्द से जल्द जल आपूर्ति बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। आमजन की बुनियादी आवश्यकताओं की अनदेखी न हो और इस समस्या का स्थाई समाधान निकाला जाए। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो स्थानीय नागरिकों को आंदोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## पांचवीं की परीक्षा में एक छात्र रहा अनुपस्थित



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल में खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी द्वारा परीक्षा संचालन के लेकर 27 संकुल प्रभारी प्राचार्य के माध्यम से 178 प्राथमिक केंद्र में समुचित व्यवस्था किया गया। प्रश्न पत्र की सघन सुरक्षा के लिए पुलिस थाना दुर्गूकोंदल, कोड़ेकुर्से, लोहत्तर व दमकसा में की गई है, जहां से संकुल प्राचार्य प्रश्नपत्र प्राप्त कर संकुल केंद्र से केंद्राध्यक्ष को वितरण किया। प्रथम दिवस पांचवीं के 1225 में 1224 छात्र-छात्राएं छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग द्वारा केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए। एक विद्यार्थी पर्रेकोड़ो संकुल का स्वास्थ्यगत कारणों से अनुपस्थित रहा।

### तालाब में डूबने से ग्रामीण की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत ग्राम ईरागांव निवासी 51 वर्षीय रामचंद्र कड़ियाम का तालाब में डूबने से मौत हो गया। मृतक के भाई ने पुलिस को बताया कि मृतक का शव 15 मार्च को तालाब के पानी में तैर रहा था। उसका गमछा तालाब किनारे रखा हुआ था। मृतक गुड़ाखु करने का आदि था, मुंह धोते समय तालाब में डूबने से मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह मे छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## ब्लॉक मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

# शासकीयकरण की मांग पर पंचायत सचिव संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

स्थानीय चुनावों के संपन्न होने के बाद प्रदेश पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ द्वारा पूर्व की घोषणाओं और वादों को याद दिलाते हुए आंदोलन की चेतावनी दिया है। छत्तीसगढ़ के सभी जिले के ग्राम पंचायत सचिव हड़ताल पर रहेंगे। इस कड़ी में पंचायत सचिवों ने मोदी की गारंटी की याद दिलाते हुए शासकीयकरण की एक सूत्रीय मांग को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को ज्ञापन सौंपा है। पंचायत सचिवों ने चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी देते हुए 17 मार्च को विधानसभा घेराव एवं 18 मार्च से ब्लाक मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल तथा 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव करने का निर्णय लिया है। प्रदेश पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़सचिव सर जिला कांकेर के महासचिव कृपाराम बघेल, ब्लॉक अध्यक्ष जैन कुमार चुरेंद्र, सचिव सूरज कल्लो, संरक्षक शिवप्रसाद नरेटी ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2023 में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया गया है, 1995 से अब तक कार्यरत ग्राम पंचायत सचिवों को शासकीयकरण की गारंटी दी गई है। मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री, मंत्री महिला बाल विकास विभाग तथा घोषणा पत्र की संयोजक सांसद दुर्ग की उपस्थिति के बीच सभी के द्वारा पंचायत सचिवोंको शीघ्र ही शासकीयकरण करने का भरोसा दिलाते हुए मुख्यमंत्री द्वारा मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए तत्काल कमेटी गठन करने की घोषणा करते हुए आश्वस्त किया था। मुख्यमंत्री के घोषणा अनुरूप 16 जुलाई 2024 को पंचायत एंव ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समिति गठन कर 30 दिवस के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए उल्लेख किया गया था। उक्त आदेश के परिपालन में कमेटी द्वारा पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के संबंध में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है, जिस पर पंचायत सचिवों को पुर्ण आशा एवम विश्वास था कि रिपोर्ट अनुसार बजट सत्र में शासकीयकरण का सौगात प्रदान किया जाएगा। किन्तु बजट सत्र में इस विषय पर सरकार द्वारा कोई पहल नहीं करने के कारण प्रदेश के पंचायत सचिव आक्रोशित हैं। इसलिए प्रदेश पंचायत सचिव संघ के द्वारा 10 मार्च को कवर्धा में प्रांतीय बैठक कर निर्णय लिया गया कि 17 मार्च को प्रदेश के समस्त सचिवों द्वारा विधानसभा घेराव एवं 18 मार्च से ब्लाक मुख्यालय में अनिश्चित कालीन हडताल तथा 1 अप्रैल 2025 को मंत्रालय घेराव करने का निर्णय लिया गया है। पंचायत सचिव संघ के जिलाध्यक्ष शंभू साहू ने बताया कि जिले के समस्त ग्राम पंचायत सचिव 17 मार्च से विधानसभा घेराव के बाद 18 मार्च से अनिश्चितकाल हड़ताल पर रहेंगे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
09 मई से 20 मई 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 5 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411